# बिहार सरकार
# नगर विकास एवं आवास विभाग।

**।। संकल्प ।।**

**विषयः– पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर के 2 वर्ष 8 महीने (अगस्त 2025 से मार्च 2028 तक) की अवधि के रख–रखाव कार्य के लिए सेवा कर रहित कुल अनुमानित व्यय ₹179.37 करोड़ (एक सौ उन्यासी करोड़ सैंतीस लाख रू०) मात्र नामांकन के आधार पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड को देने तथा प्रायोरिटी कॉरिडोर के कार्यान्वयन हेतु 3–कार सिंगल ट्रेनसेट को किराये पर लेने हेतु 3 वर्षों की अवधि के लिए ₹21.1544646 करोड़ (इक्कीस करोड़ पन्द्रह लाख चौवालीस हजार छः सौ छियालीस रू०) मात्र (अन्य मदों की लागत तथा वस्तु एवं सेवा कर सहित) पर अनुमोदन प्रदान करते हुए इसके प्रबंधन की जिम्मेदारी नामांकन के आधार पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड को दिये जाने की स्वीकृति के संबंध में।**

बिहार राज्य की राजधानी पटना प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक, व्यापारिक एवं ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा है। पटना शहर में पर्यावरण के अनुकूल सुगम यातायात की व्यवस्था एवं जाम की समस्या से नागरिकों को निजात दिलाने के साथ ही प्रदूषण निवारण एवं समय की बचत के उद्‌देश्य से पटना मेट्रो रेल पॉलिसी, 2017 के प्रावधानों के तहत विभागीय संकल्प ज्ञापांक– 422, दिनांक–02.03.2016 द्वारा पटना मेट्रो रेल परियोजना को सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी।

2. पटना मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम चरण में दो कॉरिडोर का कार्य पूर्ण करने हेतु कुल अनुमानित लागत ₹13,365.77 करोड़ (तेरह हजार तीन सौ पैंसठ करोड़ सतहत्तर लाख रूपये) मात्र भारत सरकार द्वारा स्वीकृत है। जिसके अंतर्गत निवेश के रूप में भारत सरकार एवं बिहार सरकार की हिस्सेदारी 20–20 प्रतिशत एवं बाह्य एजेंसी से 60 प्रतिशत ऋण लिए जाने तथा बाह्य ऐजेंसी के रूप में JICA का चिन्हीकरण का उल्लेख विभागीय संकल्प ज्ञापांक–2461 दिनांक–04.09.2019 की कंडिका–3 में निहित है।

3. पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत प्रथम चरण की कुल लंबाई 31.39 कि०मी० एवं कुल स्टेशनों की सं० 24 प्रस्तावित है। प्रथम चरण में दो कॉरिडोर का कार्यान्वयन किया जाना है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | East-West Corridor | - | दानापुर–मीठापुर वाया पटना रेलवे स्टेशन। |
| (ii) | North – South Corridor | - | पटना रेलवे स्टेशन–न्यू आई०एस०बी०टी० वाया गाँधी मैदान, पी0एम0सी0एच0 राजेन्द्र नगर रेलवे स्टेशन। |

East-West Corridor की कुल लंबाई 16.94 km प्रस्तावित है जिसमें उत्थित (Elevated) मार्ग की लंबाई 5.48 km, भूमिगत (Underground) मार्ग की लंबाई 11.20 km है एवं भूतल मार्ग (At grade) की लम्बाई–0.26 km है। उक्त Corridor में कुल 12 स्टेशन प्रस्तावित हैं, जिसमें 3 उत्थित (Elevated), 8 भूमिगत (Underground) एवं 01 भूतल (At grade) है। जबकि North-South Corridor की कुल लम्बाई 14.45 कि0मी0 प्रस्तावित है। जिसमें उत्थित (Elevated) मार्ग की लम्बाई 9.90 कि0मी0 एवं भूमिगत (Underground) की लम्बाई 4.55 कि0मी0 है। उक्त Corridor में कुल 12 स्टेशन प्रस्तावित हैं, जिसमें 9 उत्थित ( Elevated ) एवं 3 भूमिगत (Underground) सम्मिलित हैं।

4. उक्त परियोजना अंतर्गत Priority Corridor का क्रियान्वयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाना है, जिसकी कुल लम्बाई 6.107 कि0मी0 है। इसके अन्तर्गत कुल 05 स्टेशनों यथा पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरो माईल, भूतनाथ, खेमनीचक एवं मलाही पकड़ी को सम्मिलित किया गया है। Priority Corridor को दिनांक– 15.08.2025 के पूर्व क्रियाशील किया जाना प्रस्तावित है।

5. पटना मेट्रो रेल परियोजना का कार्यान्वयन भारत सरकार, बिहार सरकार एवं PMRCL के मध्य दिनांक–06.11.2019 को हुए त्रिपक्षीय समझौते के अनुसार किया जा रहा है उक्त समझौते की खंड संख्या–11.1 निम्नवत है:–

"भारत सरकार की प्रस्तावित फंडिंग, इक्विटी और अधीनस्थ ऋण के रूप में होगी जो कुल परियोजना लागत का 20% (यानी ₹1840.31 करोड़) मात्र तक सीमित होगी और इसे शेयर धारक समझौता में उपयुक्त रूप से शामिल किया जाना चाहिए। किन्हीं अन्य

कारणों यथा मूल्य वृद्धि, मुद्रा विनिमय दर परिवर्तन के कारण किसी जरूरी आइटम के DPR से छूटने एवं अन्य कारणों से मूल्य वृद्धि का व्यय राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। भारत सरकार की इस मूल्य वृद्धि में कोई भागीदारी नहीं होगी।"

6. पटना मेट्रो रेल परियोजना का वित्त पोषण 20% बिहार सरकार एवं 20% भारत सरकार द्वारा तथा शेष राशि JICA द्वारा दीर्घकालीन ऋण के रूप में विभागीय संकल्प ज्ञापांक–2461, दिनांक–04.09.2019 की कंडिका (3) में प्रस्तावित है। जिसमें कतिपय महत्वपूर्ण कार्य यथा ट्रैक वर्क, लिफ्ट–इस्केलेटर एवं एक ट्रेन सेट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य JICA ऋण के द्वारा किया जाना निर्धारित है। JICA ऋण प्राप्ति हेतु भारत सरकार एवं JICA के मध्य दिनांक–29.03.2023 को एकरारनामा सम्पादित किया जा चुका है। एकरारनामा की शर्तों के अनुसार परियोजना के सफल रूप से क्रियान्वयन हेतु General Consultant (GC) का चयन अनिवार्य है, इस हेतु निविदा प्रक्रियाधीन है।

लोक हित में, निर्मित संरचनाओं एवं अधिष्ठापित परिसंपत्ति के समुचित रख–रखाव, संरक्षण एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से तथा सुगम यातायात के हित में Priority Corridor को प्राथमिकता के आधार पर दिनांक–15.08.2025 के पूर्व क्रियाशील किये जाने का निर्णय लिया गया है।

विभागीय संकल्प ज्ञापांक–8661, दिनांक–15.11.2024 द्वारा पटना मेट्रो रेल परियोजना के कार्यान्वयन हेतु JICA ऋण के रूप में प्रस्तावित राशि के विरूद्ध तत्काल ₹115.10 करोड़ (एक सौ पन्द्रह करोड़ दस लाख मात्र) की राशि राज्य योजना मद से प्राप्त कर पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि० को अग्रिम के रूप में दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी साथ ही ट्रैक वर्क, लिफ्ट/इस्केलेटर एवं एक ट्रेन सेट की आपूर्ति व अधिष्ठापन का कार्य बिहार वित्त नियमावली के नियम–131 ज्ञ (ड़) के आलोक में नामांकन के आधार पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (DMRC) को दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत Priority Corridor के Operation & Maintenance कार्य हेतु पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि० के पत्रांक–5015, दिनांक–18.06.2025 एवं दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (DMRC) के पत्रांक–8483, दिनांक–15.05.2025 के द्वारा 2 वर्ष 8 महीने (अगस्त 2025 से मार्च 2028 तक) की अवधि के लिए ₹179.37

करोड़ (एक सौ उन्यासी करोड़ सैंतीस लाख रूपये) मात्र राशि की खर्च के संदर्भ में विस्तृत विवरणी दी गई है।

पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत Priority Corridor के कार्यान्वयन हेतु ट्रेन सेट की आपूर्ति एव अधिष्ठापन हेतु पटना मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि० के निदेशक मंडल द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि० के पत्रांक–5015, दिनांक–18.06.2025 एवं दिल्ली मेट्रो के पत्रांक– DMRC/134/PRS1/Single TS/Part-1/175, दिनांक–13.06.2025 के माध्यम से 3–कार सिंगल ट्रेनसेट को 3 वर्षों के लिए किराये पर लिए जाने हेतु कुल अनुमानित राशि ₹21,15,44,646.00 (इक्कीस करोड़ पन्द्रह लाख चौवालीस हजार छः सौ छियालीस रूपये) मात्र है। ट्रेनसेट किराये पर लिये जाने के संदर्भ में दिल्ली मेट्रो रेल कॉपोरेशन लि0 के पत्रांक–8644 दिनांक–02.07.2025 द्वारा विस्तृत वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई है, जिसके मुख्य अंश निम्नवत् हैं:–

(i) किराये पर लिये जाने वाले ट्रेनसेट में Onboard Signaling System पहले से स्थापित है। भविष्य में पटना मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि० द्वारा Signaling कार्य हेतु संवेदक का चयन किया जाता है और यदि वो संवेदक उक्त आपूर्तिकर्ता/निर्माता से अलग होता है, जिसके द्वारा ट्रेन में उपकरण लगाये गये है तो Onboard Signaling System को बदलना काफी दुरूह होगा। क्योंकि उपकरणों के प्रकार उनकी वायरिंग, आकार, बिजली की आवश्यकता, फिटमेंट, कार्य प्रणाली, स्थान आदि अलग हो सकते हैं।

(ii) उक्त स्थिति में दो अलग–अलग प्रकार के ट्रेनसेट उपलब्ध होंगे जिसके Maintanance, Spairs, Inventory तथा परिचालन में गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। वर्तमान परिस्थिति में ट्रेनसेट की खरीद की कुल अनुमानित लागत ₹54,79,78,610.00 (चौवन करोड़ उन्यासी लाख अठहत्तर हजार छः सौ दस रूपये) मात्र (Without any comprehensive maintenance) है, जबकि तीन वर्षों के लिए किराये पर लिये जाने वाले ट्रेनसेट का कुल किराया ₹13,25,28,529.00 (तेरह करोड़ पचीस लाख अठाईस हजार पाँच सौ उनतीस रूपये) मात्र (With comprehensive maintenance) तथा ट्रेनसेट वापसी का परिवहन व्यय ₹82,12,791.00 (बयासी लाख बारह हजार सात सौ एकानवें रूपये) मात्र

अर्थात कुल ₹14,07,41,320.00 (चौदह करोड़ सात लाख एकतालीस हजार तीन सौ बीस रूपये) मात्र है।

7. पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत Priority Corridor के Operation & Maintenance का कार्य 2 वर्ष 8 महीने (अगस्त 2025 से मार्च 2028 तक) की अवधि के लिए कुल अनुमानित व्यय ₹1,79,37,00,000.00 (एक सौ उन्यासी करोड़ सैतीस लाख रूपये) मात्र सेवा कर रहित, बिहार वित्त नियमावली के नियम–131 ज्ञ (छ) के आलोक में नामांकन के आधार पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (DMRC) को दिया जाना है तथा Priority Corridor के कार्यान्वयन हेतु 3–कार सिंगल ट्रेनसेट को किराये पर लेने हेतु 3 वर्षों की अवधि के लिए लागत वस्तु एवं सेवा कर सहित ₹13,25,28,529.00 (तेरह करोड़ पच्चीस लाख अट्ठाईस हजार पाँच सौ उनतीस रूपये) मात्र एवं अन्य मदों में अनुमानित लागत ₹7,90,16,117.00 (सात करोड़ नब्बे लाख सोलह हजार एक सौ सतरह रूपये) मात्र सेवा कर रहित कुल अनुमानित राशि ₹21,15,44,646.00 (इक्कीस करोड़ पन्द्रह लाख चौवालीस हजार छः सौ छियालीस रूपये) मात्र पर अनुमोदन प्रदान करने एवं इसके प्रबंधन की जिम्मेदारी बिहार वित्त नियमावली के नियम–131 ज्ञ (छ) के आलोक में नामांकन के आधार पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (DMRC) को दिया जाना है।

8. उक्त के आलोक में पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर के 2 वर्ष 08 महीने (अगस्त 2025 से मार्च 2028 तक) की अवधि के रख–रखाव कार्य के लिए सेवा कर रहित कुल अनुमानित व्यय ₹179.37 करोड़ (एक सौ उन्यासी करोड़ सैंतीस लाख रू०) मात्र नामांकन के आधार पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड को देने तथा प्रायोरिटी कॉरिडोर के कार्यान्वयन हेतु 3–कार सिंगल ट्रेनसेट को किराये पर लेने हेतु 3 वर्षों की अवधि के लिए ₹21.1544646 करोड़ (इक्कीस करोड़ पन्द्रह लाख चौवालीस हजार छः सौ छियालीस रू०) मात्र (अन्य मदों की लागत तथा वस्तु एवं सेवा कर सहित) पर अनुमोदन प्रदान करते हुए इसके प्रबंधन की जिम्मेदारी नामांकन के आधार पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड को दिये जाने की स्वीकृति दी गई है।

9. उपरोक्त कंडिका–8 में निहित प्रस्ताव पर मंत्रीपरिषद की बैठक दिनांक– 15.07.2025 में मद संख्या–03 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है।

**आदेश–** आदेश दिया जाता है कि संकल्प को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाय एवं इसकी प्रति सरकार के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष/प्रमण्डलीय आयुक्तों/महालेखाकर, बिहार, पटना को सूचनार्थ भेजी जाय।

**ह0/–**
**(अभय कुमार सिंह),**
**सरकार के सचिव।**

ज्ञापांक :– 03/मेट्रो–17–02/2025 न0वि0एवंआ0वि0, दिनांक–
प्रतिलिपिः– अधीक्षक, राजकीय मुद्राणालय, गुलजारबाग प्रेस, पटना/अवर सचिव, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना (सी0डी0 संलग्न) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उनसे अनुरोध है कि बिहार राजपत्र के अगले असाधारण अंक में प्रकाशित करते हुए संकल्प की दो सौ प्रतियाँ विभाग को उपलब्ध करायी जाय।

**ह0/–**
**सरकार के सचिव।**

ज्ञापांक :– 03/मेट्रो–17–02/2025 7946 न0वि0एवंआ0वि0, दिनांक– 21.7.25
प्रतिलिपिः–महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/मा0 मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव/महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/7/25
**सरकार के सचिव।**